**DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR**
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर**
**(A State Funded University of Rajasthan )**
**Plot No. 08, Dehmi Kalan, JDA Institutional Scheme, Bagru,**
**Tehsil- Sanganer, Distt. Jaipur-303007 (Rajasthan)**
**www.alujaipur.ac.in** **e-Mail: coe@alujaipur.ac.in**

क्रमांक : एफ.5(1) परीक्षा–गोप./अविवि/2025–26/ 3134 दिनांक: 14-09-2026

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्ध विधि महाविद्यालय,
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय,
जयपुर

विषय : एल.एल.बी. तीन वर्षीय डिग्री कोर्स (सेमेस्टर सिस्टम) पाठ्यक्रम के एलएल.बी. द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा 2025–26 के **आंतरिक मूल्यांकन – मिडटर्म परीक्षा** की आन्तरिक परीक्षा आयोजन तिथि में अभिवृद्धि बाबत।

सन्दर्भ: विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र कमांक प.5(1)/परीक्षा–गोप./अविवि/2025–26/2524 दिनांक 11.08.2026

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय द्वारा **सत्र 2025–26 की एल.एल.बी. तीन वर्षीय डिग्री कोर्स (सेमेस्टर सिस्टम) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 2025–26 के आंतरिक मूल्यांकन – मिडटर्म व प्रोजेक्ट परीक्षा** हेतु विस्तृत गाईडलाईन्स व परीक्षा कार्यकम उक्त संदर्भित परिपत्र द्वारा जारी किया गया था। उक्त गाईडलाईन्स के अन्तर्गत महाविद्यालय स्तर पर एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर **आंतरिक मूल्यांकन – मिड–टर्म परीक्षा** 2025–26 के आयोजन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि निकल चुकी है।

कुछ महाविद्यालयों द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा आयोजित **आंतरिक मूल्यांकन – मिडटर्म परीक्षा** 2025–26 की परीक्षाओं में कुछ छात्र अनुपस्थित रहे हैं, अतः महाविद्यालय स्तर पर ऐसे अनुपस्थित छात्रों की **आंतरिक मूल्यांकन – मिडटर्म परीक्षा** के पुर्नआयोजन अथवा पूर्व घोषित तिथि में अभिवृद्धि हेतु अनुमति वांछित की है।

महाविद्यालयों के अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा एलएल.बी. द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा 2025–26 के **आंतरिक मूल्यांकन – मिडटर्म परीक्षा** के आयोजन हेतु एक पुनः अवसर प्रदान करते हुए दिनांक **16.09.2026 से 19.09.2026** के मध्य आयोजन किया जाना निर्धारित किया जाता है। समस्त महाविद्यालयों से अनुरोध है कि वे इस **अभिवृद्धित तिथि 16.09.2026 से 19.09.2026** के भीतर **आंतरिक मूल्यांकन – मिडटर्म परीक्षा** 2025–26 का पुर्नआयोजन करना सुनिश्चित करें। जो छात्र महाविद्यालय स्तर पर पूर्व आयोजित उक्त परीक्षाओं में उपस्थित रह चुके हैं और उनके प्राप्तांक न्यूनतम प्राप्तांक से अधिक हैं, वे उक्त अभिवृद्धित अवधि में आयोज्य परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं रखते हैं, अन्यथा दशा में पूर्व में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण छात्र उक्तानुसार पुर्नआयोजित परीक्षा में बैठने की पात्रता रखते हैं, इस अभिवृद्धित तिथि के बाद भी यदि कोई छात्र अनुपस्थित रहता है तो उसे अनुपस्थित घोषित कर अवार्ड तैयार करें। उक्त परीक्षा के रिकार्ड को ऑनलाईन पोर्टल माध्यम से लिये जाने हेतु पृथक से सूचित किया जायेगा।

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के पत्र दिनांक **11.08.2026** द्वारा जारी गाईडलाईन्स की तदानुसार अनुपालना सुनिश्चित करते हुए उक्त **अभिवृद्धित तिथि (16.09.2026 से 19.09.2026)** तक परीक्षाओं का आयोजन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

O/c